केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

**सीबीएसई/समन्वय/नियमित/सप्ल./2023** **29.05.2023**

**परिपत्र**

**(केवल नियमित छात्रों के संबंध में स्कूलों के लिए)**

**विषय: कक्षा X और XII, 2023 सप्लमेन्टरी परीक्षा हेतु स्कूलों द्वारा निम्न के लिए अभ्यर्थियों की सूची ऑनलाइन जमा करना -**

**(क) कम्पार्टमेंट (प्रथम अवसर)**

**(ख) प्रदर्शन में सुधार (2023 मुख्य परीक्षा में विषयों के प्रतिस्थापन के बाद उत्तीर्ण)**

**(ग) दसवीं कक्षा में 02 विषयों तक (डेट शीट के अनुसार विषयों के एक वैध संयोजन की शर्त के अधीन) और बारहवीं कक्षा में 01 विषय (केवल उन अभ्यर्थियों के लिए जो 2023 की मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं और उन विषयों में जिनकी सूची अनुलग्नक-5 में संलग्न है) में प्रदर्शन में सुधार।**

**(घ) कम्पार्टमेंट (तीसरा अवसर) वाले छात्र केवल प्राइवेट अभ्यर्थियों के रूप में उपस्थित हो सकते हैं। (प्राइवेट अभ्यर्थियों के लिए एक अलग परिपत्र भी जारी किया गया है और वह वेब लिंक https://www.cbse.gov.in/cbsenew/cbse.html पर उपलब्ध है।**

एनईपी 2020 में की गई सिफारिशों के आलोक में, **दिनांक 10 मार्च 2023 की अधिसूचना सं. सीबीएसई/समन्वय/ईसी-दिसंबर-2022/आइटम-3.08/2023/ई-71926** के तहत कंपार्टमेंट परीक्षाओं का नाम बदलकर सप्लमेन्टरी परीक्षा कर दिया गया है।

जैसा कि बोर्ड ने कक्षा X और कक्षा XII दोनों के परिणाम घोषित कर दिए हैं, सत्र 2022-23 के लिए कक्षा X और कक्षा XII दोनों के लिए सप्लमेन्टरी परीक्षा के लिए LOC जमा करने की प्रक्रिया 01.06.2023 (गुरुवार) से शुरू होगी। एलओसी सीबीएसई की वेबसाइट पर **परीक्षा संगम** लिंक http://parikshasangam.cbse.gov.in/ के माध्यम से जमा की जानी है। केवल वे छात्र जिनके नाम ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से प्रस्तुत किए गए हैं, उन्हें सप्लमेन्टरी परीक्षा, 2023 में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी। स्कूलों को एलओसी जमा करने के लिए सिस्टम में लॉग इन करने के लिए उनके पास पहले से उपलब्ध पासवर्ड और यूजर आईडी के रूप में अपनी संबद्धता संख्या का प्रयोग करना होगा। निम्नलिखित महत्वपूर्ण जानकारी को ध्यान से पढ़ा और समझ लिया जाए :-

(1) कृपया अनुपालन हेतु ध्यान दें –

(क) वे छात्र जो सत्र 2022-23 के लिए सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के नियमित छात्रों के रूप में बोर्ड की परीक्षाओं में शामिल हुए हैं और जिनका परिणाम **कंपार्टमेंट** के रूप में घोषित किया गया है, उन्हें उस स्कूल से संपर्क करना चाहिए जहां से वे 2023 की मुख्य परीक्षा में उपस्थित हुए हैं।

**(ख)** इसी तरह, **स्कूल भी कंपार्टमेंट श्रेणी में रखे गए अपने विद्यार्थियों से संपर्क कर उन्हें सप्लमेन्टरी परीक्षाओं की जानकारी देंगे।**

**(ग) इसके अलावा, स्कूल अपने अभ्यर्थियों को सूचित करेंगे, यदि वे अभ्यर्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं, लेकिन कक्षा X में 02 विषयों (तिथि पत्रक के अनुसार विषयों के वैध संयोजन की शर्त के अधीन) और कक्षा XII के 01 विषय में अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहते हैं।**

**(घ) स्कूलों को कम्पार्टमेंट श्रेणी में रखे गए सभी छात्रों के लिए एलओसी जमा करनी होगी, भले ही वे छात्रों से संपर्क करने में असमर्थ हों। छात्र का नाम जमा न करने पर सप्लमेन्टरी परीक्षाओं में सम्मिलित होने का अवसर समाप्त हो जायेगा।**

**(ङ) निर्धारित कार्यक्रम के भीतर एलओसी जमा करने की जिम्मेदारी स्कूलों की होगी।**

**(च) किसी भी कारण से तिथि बढ़ाने या अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद किसी भी अभ्यर्थी के आवेदन को स्वीकार करने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**

(2) स्कूलों को अनुलग्नक-1 में दी गई **पात्रता की शर्तों** के अनुसार सप्लमेन्टरी परीक्षा-2023 के लिए अभ्यर्थी सूची में छात्रों के नाम जमा करने होंगे।

(3) विद्यालयों को यह भी सूचित किया जाता है कि जो छात्र सत्र 2021-22 में पूर्ण विषयों (अर्थात् अध्ययन योजना के अनुसार 5/6/7) में या तो बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों के माध्यम से नियमित छात्र के रूप में या प्राइवेट छात्रों के रूप में उपस्थित हुए हैं, और उनका परिणाम "कम्पार्टमेंट" के रूप में घोषित किया गया है और वे कंपार्टमेंट - 2022 परीक्षा (पहला अवसर) और 2023 परीक्षा (दूसरा अवसर) में भी उत्तीर्ण नहीं हो सके, ऐसे सभी छात्र सप्लमेन्टरी परीक्षा - 2023 में तीसरे और अंतिम अवसर के लिए प्राइवेट छात्रों के रूप में आवेदन करने के पात्र हैं।

**(क) मुख्य परीक्षा में कम्पार्टमेंट श्रेणी में रखे गए छात्र को परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए अधिकतम तीन अवसर मिलते हैं।**

**(ख) इस संबंध में अलग से एक परिपत्र जारी किया गया है और सीबीएसई की वेबसाइट पर वेब लिंक https://www.cbse.gov.in/cbsenew/cbse.html पर उपलब्ध कराया गया है।**

**(ग) स्कूल ऐसे “प्राइवेट छात्रों” को सीबीएसई की वेबसाईट के माध्यम से सीधे ऑनलाइन आवेदन करने की सलाह/निर्देश दे सकते हैं, जब भी उनसे संपर्क किया जाए। नियमित और प्राइवेट दोनों छात्रों के लिए एलओसी/आवेदन फॉर्म जमा करने की समय-सारणी समान रहेगी।**

(4) ऑनलाइन जमा करने के संबंध में किसी भी कठिनाई/प्रश्न के मामले में स्पष्टीकरण/सहायता के लिए संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों की आईटी शाखा से संपर्क किया जा सकता है। क्षेत्रीय कार्यालयों के संपर्क विवरण लिंक https://www.cbse.gov.in/cbsenew/contact-us.html पर उपलब्ध हैं।

(5) **समेकित अंकतालिका** केवल उन्हीं छात्रों को जारी की जाएगी जिनका परिणाम बोर्ड की परीक्षा 2023 में कंपार्टमेंट घोषित किया गया और जिन्हें सप्लमेन्टरी परीक्षा 2023 में उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा।

(6) **सत्र 2022-23 की बोर्ड परीक्षा के लिए निर्धारित पाठ्यविवरण के आधार पर सप्लमेन्टरी परीक्षा 2023 का आयोजन किया जाएगा, जो सीबीएसई की वेबसाइट पर लिंक https://cbseacademic.nic.in/curriculum_2023.html पर उपलब्ध है।**

(7) **अनुलग्नक-5 में दिए गए विषयों में ही प्रदर्शन में सुधार किया जा सकता है।**

(8) **एलओसी को अभ्यर्थियों के परिणाम की वर्तमान स्थिति के अनुसार भरा जा सकता है।**

(9) **सप्लमेन्टरी परीक्षाओं की अनुसूची/ समय-सारणी :-**

(क) बारहवीं कक्षा की सप्लमेन्टरी परीक्षा 17 जुलाई 2023 (सोमवार) को होगी

(ख) दसवीं कक्षा की सप्लमेन्टरी परीक्षा 17 जुलाई 2023 (सोमवार) से शुरू होगी। विवरण के लिए, कृपया सीबीएसई द्वारा जारी की गई डेट शीट देखें।

(10) प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि अलग से सूचित की जाएगी। प्रवेश पत्र में किसी तरह की विसंगति होने की स्थिति में स्कूलों को बोर्ड के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से तुरंत संपर्क करना चाहिए।

हस्ता./-

**(डॉ. संयम भारद्वाज)**

**परीक्षा नियंत्रक**

अनुलग्नक 1 : बारहवीं और दसवीं कक्षा के लिए पात्रता मानदंड

अनुलग्नक 2 : सप्लमेन्टरी परीक्षाओं की अनुसूची - 2023

अनुलग्नक 3 : बारहवीं और दसवीं कक्षा के लिए शुल्क संरचना

अनुलग्नक 4 : ऑनलाइन आवेदन जमा करने की विस्तृत प्रक्रिया

अनुलग्नक 5 : उन विषयों की सूची जिनमें सप्लमेन्टरी परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**प्रतिलिपि: वेब प्रबंधक को सीबीएसई की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ**

**अनुलग्नक 1**

| सप्लमेन्टरी परीक्षा - 2023 के लिए पात्रता मानदंड |
|---|

| पात्रता मानदंड : कक्षा XII | |
|---|---|
| (क) | ऐसे नियमित छात्र जो बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के माध्यम से बोर्ड की परीक्षा 2023 में उपस्थित हुए और कंपार्टमेंट के रूप में घोषित किए गए, वे केवल एक विषय में आवेदन करने के पात्र हैं, जिसमें उन्हें कम्पार्टमेंट में रखा गया है। **या** |
| (ख) | ऐसे नियमित छात्र जो 6 विषयों के साथ बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के माध्यम से बोर्ड की परीक्षा 2023 में उपस्थित हुए और दो विषयों में कम्पार्टमेंट में रखे गए, वे उन दो विषयों में से किसी एक में आवेदन करने के पात्र हैं, जिसमें उन्हें कम्पार्टमेंट में रखा गया है। **या** |
| (ग) | ऐसे नियमित छात्र जो बोर्ड की परीक्षा 2023 में 6 विषयों में उपस्थित हुए और उत्तीर्ण घोषित किए गए लेकिन एक विषय में उत्तीर्ण नहीं हुए, वे केवल उन्हीं विषयों जिनकी परीक्षा आयोजित की जाएगी, में प्रदर्शन में सुधार श्रेणी के तहत अनुत्तीर्ण विषय में उपस्थित हो सकते हैं । **या** |
| (घ) | ऐसे नियमित छात्र जो बोर्ड की परीक्षा 2023 में उपस्थित हुए और उत्तीर्ण घोषित किए गए, वे केवल उन्हीं विषयों जिनकी परीक्षा आयोजित की जाएगी, में प्रदर्शन में सुधार श्रेणी के तहत किसी एक विषय में उपस्थित हो सकते हैं। |

| पात्रता मानदंड : कक्षा X | |
|---|---|
| (क) | ऐसे नियमित छात्र जो बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के माध्यम से 2023 की बोर्ड परीक्षा में उपस्थित हुए और कंपार्टमेंट के रूप में घोषित किए गए, वे एक या दो विषयों में आवेदन करने के लिए पात्र हैं, जिसमें उन्हें कम्पार्टमेंट में रखा गया है। **या** |
| (ख) | ऐसे नियमित छात्र जो 6/7 विषयों के साथ बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के माध्यम से बोर्ड की परीक्षा 2023 में उपस्थित हुए और विषय/विषयों के प्रतिस्थापन के कारण उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं, वे केवल उन विषयों जिनकी परीक्षाएं होगी, में प्रदर्शन में सुधार श्रेणी के तहत उस विषय/उन विषयों में उपस्थित हो सकते हैं, यह तिथि पत्रक के अनुसार विषयों के वैध संयोजन की शर्त के अधीन होगा। **या** |
| (ग) | ऐसे नियमित छात्र जो बोर्ड की परीक्षा 2023 में उपस्थित हुए और उत्तीर्ण घोषित किए गए, वे केवल उन विषयों जिनकी परीक्षा होगी, में प्रदर्शन श्रेणी के सुधार के तहत दो विषयों तक उपस्थित हो सकते हैं, यह तिथि पत्रक के अनुसार विषयों के वैध संयोजन की शर्त के अधीन होगा। |

**अनुलग्नक 2**

| सप्लमेन्टरी परीक्षा 2023 की अनुसूची | |
|---|---|
| **कक्षा X** | 17 जुलाई 2023 (सोमवार) से<br>(विवरण के लिए, कृपया सीबीएसई द्वारा जारी की गई डेट शीट देखें) |
| **कक्षा XII** | 17 जुलाई 2023 (सोमवार) - केवल 01 दिन |

<u>**अनुलग्नक 3**</u>

**कक्षा X और XII सप्लमेन्टरी परीक्षा 2023 के लिए**
**अभ्यर्थी सूची हेतु शुल्क और अनुसूची**

| शुल्क स्लैब | INR में प्रति छात्र अदा किया जाने वाला शुल्क | | | एलओसी के ऑनलाइन जमा करने के लिए अनुसूची | शुल्क भुगतान के लिए अनुसूची |
|---|---|---|---|---|---|
| | भारत में स्कूल | नेपाल में स्कूल | भारत से बाहर स्कूल | | |
| **विलंब शुल्क के बिना** | रु. 300/- प्रति विषय | रु. 1000/- प्रति विषय | रु. 2000/- प्रति विषय | **01.06.2023 (वीरवार) से 15.06.2023 (वीरवार)** | **एलओसी डेटा को अंतिम रूप देने की तारीख + 2 दिन (उदाहरण के अनुसार)** |
| **विलंब शुल्क सहित** | रु.2000/- के विलंब शुल्क सहित अंतिम तिथि (निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त) | | | **16.06.2023 (शुक्रवार) से 17.06.2023 (शनिवार)** | **एलओसी डेटा को अंतिम रूप देने की तारीख + 2 दिन (उदाहरण के अनुसार)** |

**दृष्टिबाधित छात्रों को कक्षा दसवीं/बारहवीं के परीक्षा शुल्क से छूट दी गई है।**

**विलंब शुल्क की गणना के लिए उदाहरण :-**

(क) शुल्क अनुसूची के अनुसार शुल्क लागू होगा अर्थात जिस तिथि को डेटा को अंतिम रूप दिया जाता है उसे शुल्क गणना के लिए लिया जाता है।

(ख) यदि छात्रों का विवरण **15.06.2023** को या उससे पहले दर्ज किया जाता है और **15.06.2023** को या उससे पहले डेटा को अंतिम रूप दिया जाता है और शुल्क **15.06.2023** तक जमा किया जाता है, तो कोई विलंब शुल्क लागू नहीं होगा।

(ग) यदि छात्रों का विवरण **15.06.2023** को दर्ज किया जाता है और डेटा को **15.06.2023** को अंतिम रूप दिया जाता है और शुल्क **17.06.2023** तक जमा किया जाता है, तो कोई विलंब शुल्क लागू नहीं होगा। यदि **17.06.2023** तक शुल्क जमा नहीं किया जाता है, तो विलंब शुल्क लागू होगा।

(घ) विलंब शुल्क के साथ जमा करने की अंतिम तिथि उसी तरह लागू होगी।

(ङ) **ऑफलाइन मोड में या अंतिम तिथि के बाद विलंब शुल्क किसी भी आवेदन की अनुमति नहीं होगी।**

| शुल्क भुगतान विधि |
|---|

| | |
|---|---|
| (क) | **सीबीएसई द्वारा नीचे दिए गए विवरण के अनुसार सभी गतिविधियों के लिए शुल्क केवल डिजिटल भुगतान माध्यम से स्वीकार किया जाता है :-**<br>**भारत में -** डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / एनईएफ़टी / आरटीजीएस<br>**विदेश में -** डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड / SWIFT |
| (ख) | शुल्क भुगतान से पहले, स्कूल चेकलिस्ट के रूप में एलओसी का प्रिंट ले सकते हैं। एक बार शुल्क का भुगतान हो जाने के बाद, अंतिम एलओसी प्रिंट किया जाएगा, और तत्पश्चात ऑनलाइन या ऑफलाइन मोड में कोई सुधार नहीं किया जा सकता है। |
| (ग) | चूंकि SWIFT अपडेशन में 4-5 दिन लग सकते हैं, इसलिए, भारत के बाहर स्थित स्कूलों को सलाह दी जाती है कि वे शुल्क के भुगतान सहित अपनी प्रक्रिया को इस तरह से पूरा करें कि उनकी प्रक्रिया अंतिम तिथि से पहले समाप्त हो जाए। |
| (घ) | बैंक से संबंधित लेन-देन या सर्वर पर शुल्क का अद्यतन न होने की स्थिति में, विद्यालयों को संबंधित बैंक से संपर्क करना चाहिए जिसके माध्यम से भुगतान किया गया था। आम तौर पर, बैंक को फीस के अपडेशन के मुद्दे को हल करने के लिए निम्नलिखित जानकारी की आवश्यकता होगी, इसलिए बैंक से संपर्क करने से पहले तैयार रहें :-<br>(i) भुगतान की विधि<br>(ii) शुल्क संदर्भ संख्या<br>(iii) जमा की गई राशि<br>(iv) जमा करने की तिथि<br>(v) शाखा जहां राशि जमा की गई थी<br>(vi) बैंक संदर्भ संख्या (बैंक खाते में दर्शाई गई लेनदेन आईडी)<br>(vii) आपका संपर्क नंबर |

**सप्लमेन्टरी परीक्षा 2023 के लिए स्कूलों द्वारा अभ्यर्थियों की सूची ऑनलाइन जमा करने हेतु चरण**

| | |
|---|---|
| (क) | स्कूल लॉगिन से कंपार्टमेंट वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करें। |
| (ख) | जो छात्र कंपार्टमेंट में उपस्थित होना चाहता है उसका रोल नंबर तथा विषय चुनें। |
| (ग) | चयन को अंतिम रूप दें और जेनरेट की गई "आवेदन आईडी" को नोट करें। |
| (घ) | ऑनलाइन भुगतान करें |
| (ङ) | एक अंतिम सूची तैयार करें और शुल्क जमा करने के प्रमाण के साथ स्कूल रिकॉर्ड के लिए एक प्रमाणित प्रति रखें। |

अनुलग्नक 5

| जिन विषयों की सप्लमेन्टरी परीक्षा 2023 आयोजित की जाएगी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कक्षा XII | | | कक्षा X | |
| क्र. सं. | विषय का नाम | कोड | विषय का नाम | कोड |
| 1 | अंग्रेजी इलेक्टिव | 001 | हिंदी कोर्स - ए | 002 |
| 2 | हिंदी इलेक्टिव | 002 | उर्दू कोर्स - ए | 003 |
| 3 | उर्दू इलेक्टिव | 003 | पंजाबी | 004 |
| 4 | संस्कृत इलेक्टिव | 022 | बंगाली | 005 |
| 5 | इतिहास | 027 | तमिल | 006 |
| 6 | राजनीतिक विज्ञान | 028 | तेलुगु | 007 |
| 7 | भूगोल | 029 | मराठी | 009 |
| 8 | अर्थशास्त्र | 030 | गुजराती | 010 |
| 9 | हिंद संगीत वॉकल | 034 | मणिपुरी | 011 |
| 10 | हिंद संगीत MEL INS. | 035 | मलयालम | 012 |
| 11 | हिंद PER INS. | 036 | ओडिया | 013 |
| 12 | मनोविज्ञान | 037 | असमिया | 014 |
| 13 | समाजशास्त्र | 039 | कन्नड | 015 |
| 14 | गणित | 041 | अरबी | 016 |
| 15 | भौतिक विज्ञान | 042 | तिब्बतन | 017 |
| 16 | रसायन विज्ञान | 043 | फ्रेंच | 018 |
| 17 | जीव विज्ञान | 044 | जर्मन | 020 |
| 18 | जैव प्रौद्योगिकी | 045 | नेपाली | 024 |
| 19 | इंजी. ग्राफिक्स | 046 | लेपचा | 026 |
| 20 | शारीरिक शिक्षा | 048 | हिंद संगीत PER INS. | 036 |
| 21 | पेंटिंग | 049 | गणित स्टैन्डर्ड | 041 |
| 22 | मूर्तिकला | 051 | गृह विज्ञान | 064 |
| 23 | एपीपी/वाणिज्यिक कला | 052 | हिंदी कोर्स - बी | 085 |
| 24 | बिजनेस स्टडीज | 054 | विज्ञान | 086 |
| 25 | लेखाविधि | 055 | सामाजिक विज्ञान | 087 |
| 26 | कथक - नृत्य | 056 | स्पैनिश | 096 |
| 27 | भरतनाट्यम - नृत्य | 057 | संस्कृत | 122 |
| 28 | ओडिसी - नृत्य | 059 | तमंग | 133 |
| 29 | गृह विज्ञान | 064 | कंप्यूटर अनुप्रयोग | 165 |
| 30 | इंफोरमेटिक्स प्रैक्. (नया) | 065 | अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य | 184 |
| 31 | उद्यमिता | 066 | गणित बेसिक | 241 |
| 32 | विधिक अध्ययन | 074 | उर्दू कोर्स - बी | 303 |
| 33 | नेशनल कडेट कॉर्पस (NCC) | 076 | सूचना प्रौद्योगिकी | 402 |

| कक्षा XII | | |
|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **विषय का नाम** | **कोड** |
| 34 | कंप्यूटर विज्ञान (नया) | 083 |
| 35 | पंजाबी | 104 |
| 36 | बंगाली | 105 |
| 37 | तेलुगु | 107 |
| 38 | मलयालम | 112 |
| 39 | ओडिया | 113 |
| 40 | फ्रेंच | 118 |
| 41 | जर्मन | 120 |
| 42 | नेपाली | 124 |
| 43 | लिंबू | 125 |
| 44 | जापानी | 194 |
| 45 | अनुप्रयुक्त गणित | 241 |
| 46 | अंग्रेजी कोर | 301 |
| 47 | हिंदी कोर | 302 |
| 48 | उर्दू कोर | 303 |
| 49 | संस्कृत कोर | 322 |
| 50 | रिटेल | 801 |
| 51 | सूचना प्रौद्योगिकी | 802 |
| 52 | वेब अनुप्रयोग | 803 |
| 53 | ऑटोमोटिव | 804 |
| 54 | वित्त मार्केट प्रबंधन | 805 |
| 55 | पर्यटन | 806 |
| 56 | कृषि | 808 |
| 57 | खाद्य उत्पादन | 809 |
| 58 | फ्रन्ट ऑफिस ऑपरेशन | 810 |
| 59 | बैंकिंग | 811 |
| 60 | विपणन | 812 |
| 61 | हेल्थ केयर | 813 |
| 62 | बीमा | 814 |
| 63 | हॉर्टिकल्चर | 816 |
| 64 | टाइपोग्राफी व कंप्यूटर अनुप्रयोग | 817 |
| 65 | भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी | 818 |
| 66 | इलेक्ट्रिकल प्रौद्योगिकी | 819 |
| 67 | इलेक्ट्रॉनिक प्रौद्योगिकी | 820 |
| 68 | कराधान | 822 |
| 69 | लागत लेखांकन | 823 |
| **कक्षा XII** | | |

| क्र. सं. | विषय का नाम | कोड |
|---|---|---|
| 70 | ऑफिस प्रोसेजर्स एंड प्रक्टिसेज | 824 |
| 71 | आशुलिपि (अंग्रेजी) | 825 |
| 72 | आशुलिपि (हिंदी) | 826 |
| 73 | टेक्सटाइल डिजाइन | 829 |
| 74 | सेल्ज़मैन्शिप | 831 |
| 75 | व्यवसाय प्रबंधन | 833 |
| 76 | खाद्य पोषण और आहारिकी | 834 |
| 77 | मास मीडिया अध्ययन | 835 |
| 78 | पुस्तकालय व सूचना विज्ञान | 836 |
| 79 | फैशन अध्ययन | 837 |
| 80 | योग | 841 |
| 81 | बाल्यावस्था देखभाल तथा शिक्षा | 842 |
| 82 | कृत्रिम मेधा | 843 |